Helpline 1064 94135-02834

# कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- **भरतपुर में भू–प्रबंध विभाग भरतपुर के प्रदीप सिंह पटवारी व दिगम्बर सिंह पटवारी को 30,000/– रूपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार।**

जयपुर, 10 जुलाई, 2026। एसीबी मुख्यालय के निर्देश पर एसीबी चौकी भरतपुर इकाई द्वारा आज कार्यवाही करते हुए **प्रदीप सिंह पटवारी व दिगम्बर सिंह पटवारी भू प्रबंध विभाग भरतपुर को 30,000/– रूपये** रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के **महानिदेशक पुलिस श्री गोविंद गुप्ता** ने बताया कि एसीबी चौकी भरतपुर को एक शिकायत इस आशय की मिली कि परिवादी एवं परिवादी के परिवारजनों कृषि भूमि की पूर्व में की गई नाप की निशांदेही करने की एवज में उक्त पटवारीगण 50,000/– रूपये रिश्वत की मांग कर परेशान कर रहे हैं।

जिस पर एसीबी रेंज भरतपुर के **उप महानिरीक्षक श्री ओमप्रकाश मीणा** के सुपरविजन में एसीबी चौकी भरतपुर के **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अमित सिंह** के निर्देशन में **पुलिस निरीक्षक श्री महेन्द्र सिंह** के नेतृत्व में आज ट्रेप कार्यवाही करते हुए आरोपीगण प्रदीप सिंह पटवारी व दिगम्बर सिंह पटवारी भू–प्रबंध विभाग भरतपुर को 30,000/– रूपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकडा गया है।

एसीबी की **अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस श्रीमती स्मिता श्रीवास्तव एवं महानिरीक्षक श्रीमती एस परिमला** के सुपरविजन में आरोपी से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की **टोल फ्री हेल्पलाइन नम्बर 1064 एवं व्हाट्सएप हेल्पलाइन नम्बर 94135–02834** पर 24X7 सम्पर्क कर भ्रष्टाचार के विरुद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। एसीबी आपके वैध कार्य को करवाने में पूरी सहायता करेगी।